राष्ट्रीय संरक्षा दिवस पर कर्मचारियों को बांटे क्रेश हेलमेट

बैंक नोट प्रेस में 55वें राष्ट्रीय संरक्षा दिवस की दी शुभकामनाएं भी...

देवास। बैंक नोट मुद्रणालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों के बीच संरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए संरक्षा दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। मुख्य महाप्रबंधक केदारनाथ महापात्र ने संरक्षा ध्वज फहराकर उपस्थित सभी कर्मचारियों को 55 वे राष्ट्रीय संरक्षा दिवस की शुभकामनायें दी एवं सभी उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को संरक्षा शपथ दिलवाई।

अपने उद्बोधन में महापात्र ने संरक्षा क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों को बताया तथा उन्हे प्राप्त करने का श्रेय प्रत्येक कर्मचारी को दिया। साथ ही यह भी कहा कि संस्थान की संरक्षा बनाए रखना प्रत्येक कर्मचारी का कर्तव्य हैं । कर्मचारियो को ऑन-द-जॉब सेफ्टी के साथ-साथ ऑफ-द-जॉब सेफ्टी को भी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उच्च गुणवत्ता वाले क्रेश हेलमेट का वितरण इस अवसर पर सभी कर्मचारियों को किया गया। संरक्षा विभाग के कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये संरक्षा अधिकारी अनुराग वर्मा ने मुद्रणालय में संरक्षा अनुभाग द्वारा चलाये गए विभिन्न संरक्षा संबंधी कार्यक्रमों के बारें में कर्मचारियों को बताया । इस अवसर पर खाद्यजनित रोग एवं उनसे बचाव

विषयक लीफलेट का विमोचन भी किया गया । कार्यक्रम में संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा प्रदर्शनी आयोजन किया एवं अग्निशमन एवं रेस्क्यू से संबन्धित डेमो भी दिया गया । अपर महाप्रबंधक एस. राठौर, संयुक्त महाप्रबंधक विवेक सिंह, सुनील दुपारे, एवं सी.आई. एस. एफ के वरिष्ठ कमांडेंट संदीप कुमार, सहायक कमांडेंट के.जी. सोमवंशी साथ यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

पांचवी बार 7 स्टार प्लैटिनम सेफ़्टी अवार्ड

मुद्रणालय को संरक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्था सुरक्षा परिषद भोपाल से लगातार पाँचवी बार 7 स्टार प्लैटिनम सेफ़्टी अवार्ड प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया । उन्होने कहा कि कि संरक्षा कोई एक दिन का कार्य नहीं हैं यह एक सतत प्रक्रिया हैं । सभी कर्मचारियों को कार्य के दौरान जागरूक रहकर व्यक्तिगत संरक्षा साधन जैसे दस्ताने, सेफ़्टी बेल्ट, हेलमेट का उपयोग करना चाहिए।

नामदेव छीपा समाज ने निकाली गेर

देवास। संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज के जय कारे के साथ नामदेव छीपा समाज देवास द्वारा गेर निकाली गई। गेर में समाज महिला पुरुष, बुजुर्ग एवं युवा सम्मिलित हुए सभी ने शिक्षा विभाग देवास के सामने एकत्रित होकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इसके बाद सभी गेर के रूप समाज में शोकाकुल परिवारों में जाकर रंग-गुलाल किया तथा शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देकर उन्हें आश्वस्त किया कि उनके हर सुख दुख में समाज उनके साथ है। सतीश नामदेव ने बताया कि समाज द्वारा आगामी 5 अप्रैल 2026 को समाज की बैठक एवं

सामूहिक भोज आयोजित किये जाने निर्णय लिया गया। इसी के साथ गेर का समापन सन सीटी -2 देवास में किया गया ।

एक नजर

स्वच्छ वार्ड के साथ स्वच्छता कार्य में सहयोग देने वाले नागरिक भी होंगे सम्मानित

देवास। शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी सफाई मित्रों के साथ साथ शहर के नागरिकों की भी है आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि शहर को स्वच्छ रखने के लिये जिन नागरिकों के द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है उसकी निगम द्वारा सराहना करते हुए स्वच्छ वार्डों के साथ नगर निगम उन नागरिकों को भी स्वच्छता चैंपियन से सम्मानित करेगा। स्वच्छता ग्राही द्वारा निगम के अमले के साथ तथा अपने रहवासी क्षेत्र में स्वच्छता के लिये किए गए प्रयास की स्टोरी निम्न बिंदुओं पर बना कर भेज सकते है जैसे स्वच्छता अभियान में भागीदारी, स्वच्छता विषय पर नागरिकों से संवाद, शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के प्रयास, पर्यावरण के क्षेत्र में सहयोग आदि जन जागरूकता अभियान में सहयोग किया हो तो अपनी एक स्टोरी बना कर मेल sbmnodaldewas@gmail.com पर या व्हाट्स एप के माध्यम से 7999560750 पर भेज सकते है तथा स्वच्छता के संबंध में अन्य जानकारी के लिए विशाल जोशी से मो.न. 7999560750 पर सम्पर्क कर सकते हैं। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि निगम के स्वच्छता अमले के साथ शहर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग देवें।

राशिद और सुमित्रा को फेंसिंग में बड़ी सफलता

देवास। स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के अंतर्गत नेता जी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पटियाला द्वारा आयोजित सिक्स-वीक सर्टिफिकेट कोर्स इन स्पोर्ट्स कोचिंग (फेंसिंग) सत्र 2025-26 में इंदौर के अब्दुल राशिद एवं सुमित्रा चंद्रवंशी ने सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होकर शहर और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में दोनों ने मध्य प्रदेश ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के साथ स्मृति-चित्र लेकर अपनी सफलता का उत्सव मनाया। ओम सोनी ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि फेंसिंग जैसे तकनीकी और अनुशासित खेल में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इन्दौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों प्रतिभागियों ने कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण कर इंदौर जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।एसोसिएशन के सचिव एवं मुख्य कोच मास्टर सईद आलम ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, यह उपलब्धि केवल दो खिलाड़ियों की सफलता नहीं, बल्कि पूरे जिले के फेंसिंग परिवार के लिए गर्व का क्षण है। एनआईएस से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये दोनों अपने अनुभव और तकनीकी ज्ञान का लाभ अन्य खिलाड़ियों को भी देंगे, जिससे इंदौर में फेंसिंग खेल की गुणवत्ता और स्तर में निरंतर सुधार होगा। इस अवसर पर श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल डायरेक्टर विकास शर्मा सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी जहांगीर खान, अनफाल अंसारी, शिनम खान एवं मोहन सावले ने राशिद और सुमित्रा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कांग्रेस ने पूर्व सीएम अर्जुन सिंह को श्रद्धांजलि दी

देवास । प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केंद्रीय मंत्री राज्यपाल जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अर्जुन सिंह जी ने हमेशा गरीबों के हक में अपनी आवाज उठाई उनके कार्यकाल में सबसे ज्यादा काम गरीबों मजदूरो, अल्पसंख्यक वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए किए गए उन्हीं के कार्यों का परिणाम रहा कि आज यह वर्ग समाज की मुख्य धारा में रहकर काम कर ते हुवे आगे बढ़ रहा है रहा उक्त विचार स्व अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर जवाहर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयाग गौतम प्रदीप चौधरी सहित अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किए। इसी के साथ कार्यक्रम के संयोजक भगवान सिंह चावड़ा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने स्व अर्जुन सिंह के सानिध्य में लंबे समय तक काम किया है उनके कामों को कभी बुलाए नहीं जा सकता। इस अवसर पर कांग्रेस नेता शौकत हुसैन सुधीर शर्मा गुरु चरण सिंह सलूजा जाहिद पठान पोपसिंह परिहार जितेंद्र सिंह गौड़ बनेसिंह असताय प्रहलाद मिस्त्री शाहजी हाशमी शहिद भाई धीरज कल्याने अशोक पटेल रूपेश पटेल हारीश गजधर बंसी लाल चौधरी रोहित राय चौहान कबीर मिर्जा बेग जहीर शेख दीपेश हरोडे राजेश लोदिया प्रिंस कटेसरिया अजय कटेसरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

श्याम प्रभु के जयकारों के साथ अर्पण किए निशान

मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

देवास। श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा फागुन के पवित्र माह में नयापुरा राममंदिर से अमृतनगर श्याम मंदिर तक पवित्र निशानों का पूजन अर्चन कर बाबा की आरती कर यात्रा प्रारम्भ की गई। अध्यक्ष जेपी शर्मा एवं सचिव संजय कसेरा ने बताया कि सुसज्जित रथ में विराजे श्याम प्रभु सभी भक्तो का मन मोह रहे थे।

भक्त निशान लहराते हुए , जयकारे लगाते, नाचते गाते मस्ती में झूम रहे थे। यात्रा के दौरान स्थान स्थान पर समाजसेवी संगठनों एवं श्याम परिवारों द्वारा बाबा का पूजन कर आशीर्वाद लेते हुए पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गयौ यात्रा

समापन पर अमृतनगर मंदिर में भोग आरती कर हुआ, सभी सदस्यों ने शारदा माता मंदिर पर प्रसादी ग्रहण की। यात्रा की व्यवस्था नरेंद्र मूंदड़ा, प्रकाश अग्रवाल, पवन विजयवर्गीय, देवेंद्र शर्मा, पंकज महाजन, अमित पंडित, गणेश विजयवर्गीय, भरत चौधरी, आशीष कसेरा, अर्पित साबू, निकुंज बिन्नानी, नवीन भूतड़ा, जगदीश शर्मा, वीरेंद्र जादोन ने सम्हाली। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, खाटूश्याम मंदिर संस्थापक श्याम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। आभार अशोक सोमानी ने माना। उक्त जानकारी कीर्तन प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने दी।

सुंदरकांड का पाठ कर मनाया होली मिलन समारोह

देवास। मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन द्वारा सुंदरकांड का पाठ करके मनाया होली मिलन समारोह अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन धर्म जागरण शाखा द्वारा होली मिलन समारोह बड़े धुम धाम के साथ अटल कार्यालय पर मनाया गया इस दौरान सुंदरकांड का पाठ करके आरती पुष्पांजलि एवं भोजन का कार्यक्रम रखा गया इस दौरान रामकिशोर यादव सतवास लखन लाल जिजा बिजवाड बिसराम नायक बोरानी मुकेश जोशी कैलाश पुरोहित सन्तोष बैरागी मनोहर राठौर कचरू राठौर निगम बारवाल दिनेश थुरवाल बडा मुकाती मनोज गवली देवेन्द्र थुरवाल अक्षय पंचोली पवन जोनवाल मुकेश राठौर आदि लोगों ने सुंदरकांड का पाठ किया

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक गंभीर घायल

सोनकच्छ। इंदौर भोपाल हाइवे पर स्थित ग्राम दोलतपुर के यहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को पिछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दो युवकों में से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इंदौर रेफर किया गया।

108 एम्बुलेंस के डाक्टर सुभाष पोलाया ने बताया कि दुर्घटना बुधवार दोपहर एक बजे हाइवे पर स्थित ग्राम दोलतपुर के यहां पर हुई जिसमें इंदौर से भोपाल की ओर जा रहीं एक तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 04 एम 7046 ने आगे चल रही बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक राज पिता राहुल 20 वर्ष गंभीर घायल हो गया वहीं लक्की पिता मोहन 16 वर्ष दोनों निवासी ग्राम अगेरा, दोनों घायलो 108 एम्बुलेंस के पायलट अनिल परमार की मदद से सोनकच्छ सिविल अस्पताल लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां से गंभीर घायल राज को इंदौर रेफर किया गया।

श्री रंगनाथ राधाकृष्ण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली कलश यात्रा

देवास। श्री रंगनाथ राधा कृष्ण मंदिर की 24वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर चाणक्यपुरी में 5 से 11 मार्च तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा। गुरुवार को कथा से पूर्व मंदिर से गणेश मंदिर राजाराम नगर तक कलश यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे, बग्गी के साथ निकाली गई कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। धर्मप्रेमियों द्वारा

जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कथा शुभारंभ अवसर पर भागवताचार्य गोपाल गुरुजी जलोदिया वाले ने श्रीमद् भागवत महातम्य का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी।

आरटीओ ने बसों में लगी एलईडी लाइट जब्त कर बनाए चालान

सड़क दुर्घटना रोकने के लिए परिवहन विभाग ने चलाया विशेष चैकिंग अभियान

देवास। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान द्वारा दल के साथ देवास में वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

वाहनों की जांच में निर्धारित दस्तावेजों जैसे परमिट, फिटनेस, पीयूसी, बीमा, लायसेंस इत्यादि की जॉच करते हुए एक यात्री बस जो निर्धारित स्टॉपेज पर न रूकते

हुए मार्ग पर ही रूकी हुई थी पर भी चालानी कार्यवाही करते हुए 03 हजार रुपए का अर्थदण्ड किया गया। एक अन्य यात्री बस बगैर वैध दस्तावेजों के संचालित होते हुए जप्त की गई। जिस पर चालानी कार्यवाही करते हुए 06 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। इस प्रकार कुल 15 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई तथा 28 हजार 500 शमन शुल्क वसूल किया गया। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा मौके पर यात्री बस के चालकों को सख्ती से निर्देशित किया गया कि वे अपनी-अपनी बसों का संचालन नियंत्रित गति से करें, सवारी बैठाने की होड़ में किसी भी दशा में तेज गति से वाहन नहीं चलावे तथा अपने निर्धारित स्टॉपेज पर ही वाहनों को खड़ा किया जाए।

मौके पर वाहनों पर जुर्माना भी लगाया...

वाहनों की जांच के दौरान जिला परिवहन अधिकारी द्वारा देवास शहर से होकर संचालित हो रही यात्री बसों की विशेष जांच की गई, जिसमें यात्री बसों में एलईडी लाईट लगाकर संचालित होने से मोटरयान अधिनियम की धारा 108 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए 11 यात्री बसों पर चालानी कार्यवाही की गई तथा 6500 रूपये अर्थदण्ड वसूला गया। साथ ही एलईडी लाईट भी तत्काल मौके पर निकलवाई गई।

जूना गुजराती दर्जी समाज ने निकाली सामाजिक गेर

मंदिर के 27 वर्ष पूर्ण होने पर 27 मार्च को महाआरती का आयोजन

देवास। प्राचीन परम्परा के अनुसार जूना गुजराती दर्जी समाज की सामाजिक गैर देवास नगर निगम क्षेत्र के गमी वाले 13 घरों पर ढोल धमाके के साथ महिला मंडल सहित पहुची और रंग गुलाल किया। गैर में शामिल हुए समस्त सामाजिक बंधुओ, युवा साथी, और महिला मण्डल की सभी मातृशक्ति का ट्रस्ट प्रबंध समिति आभार प्रकट किया। गैर के पश्चात् सभी लोग धर्मशाला पहुँचे, जहा समाज के आराध्यसंत श्री टेकचंदजी महाराज की आरती की गई।

देवास की धर्मशाला में रामनवमी पर समाज के मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के 27 वर्ष पूर्णहोने के उपलक्ष्य में 27 मार्च को श्री रामनवमी की आरती दोपहर 12 बजे की जावेगी। इस वर्ष देवास ट्रस्ट के संवरक्षक दीपचंद मेहता की और से भंडारे का आयोजन 29 मार्च रविवार को सुबह 11 बजे से रखा गया है। इस अवसर पर आरती के पश्चात समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक रामेश्वर सोलंकी, देवास एवं कड़छा ट्रस्ट के संरक्षक दिलीप परमार, देवास ट्रस्ट के संरक्षक दीपचंद मेहता, देवास ट्रस्ट के संरक्षक एवं कड़छा ट्रस्ट के ट्रस्टी सत्यनारायण सोलंकी, वरिष्ठ समाज सेवी शिवनारायन परिहार का स्वागत ट्रस्ट अध्यक्ष मोहन परिहार द्वारा किया गया।वरिष्ठ मार्गदर्शक,तीनो संरक्षक ,एवम शिवनारायण परिहार तथा ट्रस्टी पुरषोतम सोलंकी एवं समाज के अध्यक्ष मोहन परिहार द्वारा भंडारे के आयोजक दीपचंद मेहता का स्वागत किया गया। महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव मनाये जाने की सूचना महिला ट्रस्टी सीमा मिलिंद सोलंकी द्वारा दी गई। संचालन एवं सचिव शिरीष मेहता ने किया।

गेहूं का कम दाम मिलने से किसान निराश

देवास। जिले में किसान गेहूं की फसल लेकर कृषि उपज मंडी पहुंच रहे हैं। कुछ दिनों से गेहूं की आवक में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। मंडी से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार- प्रतिदिन गेहूं की आवक 10 हजार बोरी से अधिक पहुंच गई है। एक सप्ताह पहले यह आवक काफी कम थी।

हालांकि किसानों को उम्मीद से कम दाम मिल रहे हैं, जिससे असंतोष है। किसान अधिकांशत: हार्वेस्टर मशीनों से गेहूं की कटाई करवा रहे हैं। वर्तमान में गेहूं का मॉडल रेट लगभग 2200 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहा है। न्यूनतम भाव 1500 रुपए से लेकर अधिकतम 2600 रुपए प्रति क्विंटल के बीच है। दूसरी ओर, प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए अभी केवल पंजीयन की प्रक्रिया चल रही है। मंडी व्यापारी संजय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष गेहूं के दाम पिछले वर्षों की तुलना में कम हैं। शर्मा के अनुसार- इसका मुख्य कारण इन दिनों प्लांटों में गेहूं का उठाव कम होना है। इसी वजह से किसानों को अपनी फसल समर्थन मूल्य से भी कम दाम पर बेचनी पड़ रही है।

रानीबाग शिवशक्ति नगर में होलिका दहन, महिलाओं ने किया पूजन

देवास। महाकाल होली उत्सव समिति द्वारा होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया। समिति के गज्जू चावरे ने बताया कि रानीबाग शिवशक्ति नगर में आकर्षक रूप से होली सजाई जाकर आसपास रांगोली बनाई गई। होलिका स्थल पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई।

महिलाओं ने देर रात्रि तक पूजा अर्चना की। देर रात्रि में समिति सदस्यों द्वारा होलिका दहन किया गया। रात्रि व सुबह समिति के कार्यकर्ता, युवा व अन्य रहवासी भजनों व होली के गीतों पर झूमते रहे। इस अवसर पर समिति के

गज्जू चावरे, अभिषेक, प्रथम, चेतन, दुर्गेश, दीपांशु, राजवीर, मयंक, हरिओम, विजय, त्रमकेश, निखिल, विनीत, पारस, प्रखर, विजय, रूद्र, सुरेश, मोहन , रत्नाकर, विक्की, गौरव सेन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

एक नजर

खिलाड़ियों को फिजिकल फिटनेस, मेंटल कंडिशनिंग और स्पोर्ट्स न्यूट्रीशन के बारे में भी करेंगे जागरूक

बैडमिंटन समर कैंप की शुरुआत 10 से

देवास। गोल्ड शटल फ्लाय बैडमिंटन एकेडमी एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बैडमिंटन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह समर कैंप 10 मार्च से 31 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

कैंप में खिलाड़ियों को बैडमिंटन में स्पोर्ट्स साइंस के महत्व को समझाते हुए वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। गोल्ड शटल फ्लाय बैडमिंटन एकेडमी के सदस्य जितेंद्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंप का संचालन जिले के एकमात्र भारतीय खेल प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित (एसएआई, एनएसएन आईएस, बीपीई, एसडब्ल्यू सीसी) एक वर्षीय डिप्लोमा प्राप्त बैडमिंटन कोच अर्जुन सिंह द्वारा किया जाएगा। शिविर में वे खिलाड़ियों को बैडमिंटन खेल की बारीकियों



का प्रशिक्षण देंगे। इसके साथ ही शिविर में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों द्वारा भी खिलाड़ियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। शिविर के दौरान फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा समय-समय पर इंजरी प्रिवेंशन के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा विशेषज्ञों द्वारा खिलाड़ियों को फिजिकल फिटनेस, मेंटल कंडीशनिंग एवं स्पोर्ट्स न्यूट्रीशन के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इस समर कैंप में 6 से 18 वर्ष तक के बालक-बालिकाएं भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण का समय सुबह सत्र 10 से 1.30 बजे तक शाम सत्र 4 से 7.30 बजे तक रहेगा। पंजीकरण के लिए इच्छुक खिलाड़ी संपर्क करें ।